तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 17 अगस्त 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



14 अबूझमाड़ के बच्चों ने मलखम्ब कला का किया बेहतरीन ...





16 लड्डू गोपाल को झूले में झुलाया, रात बारह बजे मनाया ...









वयस्क यूरोलॉजी - डॉ. आकाश अग्रवाल (MBBS, MS, MCH)

प्रोस्टेट में सूजन, प्रोस्टेट कैंसर, ब्लैडर कैंसर, मूत्रमार्ग इन्फेक्शन, लिंग का टेढ़ा हो जाना, किडनी और ब्लैडर की पथरी, स्ट्रिक्टर-पेशाब नाली में सिकुड़न, इंकॉन्टीनेंस-पेशाब निकल जाना, पेनफुल ईरेक्शन (पेरोनी डिजीज) तथा अन्य मूत्र सम्बन्धी बीमारी

एसएमसी हॉस्पिटल

रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी

मो. 7725046397



आज ही सम्पर्क करें

पीडियाट्रिक यूरोलॉजी- डॉ. प्रदीप साहू (MBBS, MS, MCH)

फिमोसिस, पैरा फिमोसिस, हाइपोस्पेडियास, यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन, वेसिकोयुरेटेरल रिफ्लक्स, किडनी में सूजन, न्यूरोजेनिक ब्लैडर, बिस्तर में पेशाब कर देना, वेरीकोसील, क्रिप्टोरकैडीस्म तथा बच्चों की अन्य, सभी मूत्र सबंधित समस्याएँ।

प्रदीप हॉस्पिटल

बाईपास रोड, कुरुद, जिला- धमतरी

मो. 7725001343, 9893659633




Shri Gopala HOSPITAL

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी


सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आज

**धमतरी।** कोसरिया यादव समाज नगर इकाई धमतरी द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सर्व यादव समाज भवन में 17 अगस्त को रखी गई है। इसमें केवल समाज के बच्चे ही भाग लेंगे।

### आज देवपुर में मनेगी बालकदास जयंती

**धमतरी।** युवा प्रकोष्ठ सतनामी समाज ब्लॉक धमतरी ग्रामीण द्वारा राजा गुरुबालक दास की जयंती ब्लॉक स्तर पर डोंगेश्वर धाम देवपुर में आज मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। इस अवसर पर समाज के जनप्रतिनिधि और कर्मचारी वर्गों का सम्मान किया जाएगा। पंथी नृत्य की धुन पर राजा गुरु बालकदास को याद किया जाएगा।

### रामधुनी प्रतियोगिता का समापन आज

**धमतरी।** ग्राम देमार में ग्रामवासियों एवं श्री कृष्ण नवयुवक समिति और जागरूक किसान क्लब के तत्वावधान में इस वर्ष भी तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।शुभारंभ 15 अगस्त शुक्रवार को मुख्य अतिथि बिमलेश मीनपाल सरपंच ने किया। रामधुनी का आज समापन होगा। मुख्य अतिथि योगेश मारकंडे जनपद सदस्य होंगे। अध्यक्षता बिमलेश मीनपाल सरपंच, खोरबाहरा राम साहू संरक्षक ग्राम विकास समिति देमार करेंगे। विशिष्ट अतिथि शीत कुमार साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, बसंत मीनपाल अध्यक्ष महामाया मंदिर समिति, संजय साहू, सुरेश साहू, श्रीमती पुन्ना ध्रुव, संत कुमार साहू, अंगेश्वर साहू, संतोष पटेल करेंगे। जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली गोडपाल बालोद, जय मां शीतला रामधुनी मंडली संगम बिरोदा अभनपुर, श्री बाल समाज रामधुनी मंडली देवरी, जय मां शारदा लोक संस्कृति रामधुनी मंडली चर्रा, जय मां शीतला रामधुनी मंडली बोड़रा मगरलोड की प्रस्तुति होगी।

खेत से लेकर खलिहान तक किसान परेशान, धान स्टोरेज से डरने लगे किसान

# दो साल में कई गुना बढ़ा चूहों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

चूहों की हर साल बढ़ती संख्या ने किसानों की हालत खराब कर दी है। कई खेतों में तो चूहों ने 50 प्रतिशत फसल को नष्ट कर दिया है। किसान लगातार चूहामार दवा का छिड़काव कर रहे हैं लेकिन यह दवा भी कारगर नहीं है। किसानों ने बताया कि पिछले दो साल में चूहों का आतंक कई गुना बढ़ा है। अब तो वे धान को सुरक्षित ढंग से भंडारित भी नहीं कर पा रहे हैं।

खेती में आ रही नई नई समस्याओं ने किसानों की कमर तोड़ दी है। पिछले कुछ साल से किसान चूहों की समस्या से परेशान हैं। दो साल से यह समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। स्थिति यह है कि कई किसानों की आधी फसल को चूहों ने काट दिया है। अभी तो धान पौधों में बालियां भी नहीं आई हैं। बालियां आने के बाद चूहों का प्रकोप और बढ़ सकता है। किसान कौशल साहू, घनश्याम साहू ने बताया कि चूहों ने फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। कई बार वे चूहामार दवा का छिड़काव कर चुके हैं। दवा खाकर चूहे मरे भी हैं लेकिन उनका प्रकोप कम नहीं हुआ है, खेतों में फिर से उतनी ही संख्या में चूहे आ जाते हैं और फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अब तो उन्होंने चूहों का उपचार करना ही बंद कर दिया है।




### भोजन नहीं तो पौधों को खा रहे चूहे

खेतों में चूहों के लिए भोजन नहीं है, ऐसे में वे भूख मिटाने के लिए धान के पौधों को सफाचट कर रहे हैं। धान के पौधे के तने का बीच का हिस्सा मुलायम और खाने योग्य होता है। इसे ही खाने के लिए चूहे फसल को बुरी तरह से काटते हैं। कृषि वैज्ञानिकों की माने तो चूहों के दांत हमेशा बढ़ता रहता है। इसे छोटा और धारदार रखने के लिए हमेशा वे कुछ न कुछ कुतरते रहते हैं। खेतों में धान के पौधों के अतिरिक्त कुतरने के लिए कुछ नहीं है, ऐसे में धान के पौधों को कुतरते हैं। यदि चूहे कुतरना बंद कर दें तो उनके दांत इतने बढ़ जाएंगे कि वे कुछ भी नहीं खा पाएंगे और उनकी मृत्यु हो जाएगी।

### एक साथ करें उपचार

कृषि विज्ञान केंद्र के कीट विशेषज्ञ डॉ शक्ति वर्मा ने कहा कि चूहों का उपचार पूरे खार में एक साथ करने पर ही इनकी संख्या नियंत्रित की जा सकती है। उन्होंने बताया कि चूहे एक खेत से दूसरे खेत में घूमते रहते हैं। एक खेत में चूहे कम हो जाते हैं, तो दूसरे खेत से चूहे आकर अपनी संख्या बढ़ा लेते हैं। चूहे अपनी प्रजनन संख्या नियंत्रित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 1 किग्रा खंडा चावल, 20 ग्राम सरसो तेल, 20 ग्राम ब्रोमो डायोलोन (चूहामार दवा) को मिलाकर इसकी 20-20 ग्राम की पुड़िया बनाकर चूहों के बिल में लकड़ी की सहायता से 20 से 30 सेमी अंदर डालना है। ध्यान रहे कि एक खार के सभी किसानों को इस दवा का उपयोग एक साथ करना होगा।

# भालूचुवा के आबादी क्षेत्र में दो हाथी कर रहे विचरण



दर्जन भर से अधिक गांवों में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एक सप्ताह तक धमतरी परिक्षेत्र के ग्राम जोगीडीह में विचरण करने के बाद दो हाथी ने अब केरेगांव परिक्षेत्र के ग्राम भालूचुवा में दस्तक दी है। हाथी निगरानी दल ने आसपास के दर्जनभर गांवों को हाथियों से सावधान किया है। दल प्रमुख दीपक पटेल, दल सहायक कुलेश्वर बघेल ने बताया कि धमतरी दक्षिण परिक्षेत्र के गांव जोगीडीह में करीब सप्ताह भर विचरण करने के बाद दोनों हाथी अब केरेगांव परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 90, 142, 118 में विचरण कर रहे हैं। शनिवार शाम 7 बजे इन्हें छुही परिक्षेत्र परिसर के ग्राम भालूचुवा के आबादी क्षेत्र में देखा गया है। दो स्थानों पर फसल क्षति की खबर है। आसपास के गांव बाजारकुर्रीडीह, बासीखाई, लंबूडेरा, झुरातराई, पीपरछेड़ी, साल्हेभाट, छुही, भालूचुवा, अरौद, लीलर, भंवरमरा, बागोडार, जोगीडीह आदि गांव में मुनादी कर लोगों को सतर्क किया गया है।

# सीएम जल्द आएंगे धमतरी, देंगे विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धमतरी क्षेत्र को नई दिशा देने वाले महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शुभारंभ जल्द होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं धमतरी पहुंचकर योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके लिए महापौर रामू रोहरा ने मुख्यमंत्री निवास जाकर धमतरी आने का न्योता दिया। महापौर ने क्षेत्र की आवश्यकताओं और चल रही योजनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। सीएम ने धमतरी आगमन के आमंत्रण को स्वीकारा। मुख्यमंत्री ने धमतरीवासियों को संदेश देते हुए कहा कि वे जल्द धमतरी आकर विकास कार्यों की नई सौगात देंगे।

महापौर ने बताया कि प्रमुख योजनाओं में आमदी कॉलेज का भवन का लोकार्पण, ग्रामीण उपनगरीय छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का नया केन्द्र, कंडेल कॉलेज भवन का भूमिपूजन ऑडिटोरियम के विस्तार कार्य का शुभारंभ, खपरी में नया बस स्टैंड का भूमिपूजन होगा।

### महापौर रामू रोहरा ने दिया आमंत्रण



महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से धमतरी के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। शिक्षा, संस्कृति, बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। जनता को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री का आगमन धमतरी की पहचान बदलने वाला ऐतिहासिक कदम साबित होगा। नई पीढ़ियों के सपनों को उड़ान मिलेगी।

# पुलिस पेट्रोलिंग वाहन का रोका रास्ता, तीन भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व पेट्रोलिंग के लिए निकले पुलिस वाहन का तीन भाइयों ने रास्ता रोककर हुड़दंग किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार जेल भेज दिया है।

■ ग्राम कोड़ेबोड़ की घटना

पुलिस के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बिरेझर चौकी प्रभारी के नेतृत्व में एक एसआई व स्टाफ शासकीय वाहन से चौकी क्षेत्र के होटल, ढाबा व लॉज की चेकिंग करने के लिए पेट्रोलिंग पर निकले थे। गुरुवार की शाम पेट्रोलिंग वाहन ग्राम कोड़ेबोड़ भाठापारा बांधा तालाब के पास पहुंचा था। इसी दौरान जितेंद्र नवरंगे, शेखर नवरंगे व रंजीत नवरंगे ने एकराय होकर पेट्रोलिंग वाहन के सामने आक्रोशित हो हुड़दंग कर पुलिस के शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की। इस कृत्य पर पुलिस ने आरोपी रंजीत नवरंगे पिता कोमल उम्र 34 वर्ष व उसके दो भाई जितेंद्र नवरंगे उम्र 32 वर्ष व शेखर नवरंगे 31 वर्ष तीनों ग्राम कोड़ेबोड़ पुलिस चौकी बिरेझर निवासी को धारा 296(ख), 126(2), 121(1), 132, 221, 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हुड़दंगियों एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।







### जिला क्रिकेट की चयन प्रक्रिया 24 अगस्त से

**धमतरी।** जिला क्रिकेट संघ द्वारा विभिन्न आयु वर्ग के लिए चयन प्रक्रिया पी.जी कालेज क्रिकेट स्टेडियम जोधापुर में होगी। सकुश गुप्ता सहसचिव ने बताया कि अंडर-14 ट्रायल 24 अगस्त, कट आफ डेट 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013, अंडर-16 ट्रायल 24 अगस्त, कट आफ डेट 1 सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 अंडर-19 ट्रायल 31 अगस्त, कट आफ डेट 1 सितंबर 2007, अंडर-23 ट्रायल 5 सितंबर, कट आफ डेट 1 सितंबर 2003 से 31 अगस्त 2007 है। सीनियर ट्रायल 5 सितंबर को होगा। चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को डिजिटल मैनुअल जन्म प्रमाणपत्र, पीवीसी आधारकार्ड वर्तमान फोटो के साथ जिले का मूलनिवास प्रमाण पत्र तथा वर्तमान का पासपोर्ट साईज कलर फोटो लाना अनिवार्य है। खिलाड़ियों को क्रिकेट किट (सफेद ड्रेस) में उपस्थित होना अनिवार्य है। जिन खिलाड़ियों के अभिभावक (माता-पिता, स्वयं खिलाड़ी) यदि सरकारी नौकरी में कार्यरत हैं तो कम से कम उस जिला में उनका कार्यकाल 6 माह का पूर्ण होना अनिवार्य है तभी वह चयन प्रक्रिया में भाग ले सकता है।

# सड़क हादसे में छात्र-छात्रा घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्वतंत्रता दिवस मनाकर स्कूल से घर लौट रहे बाइक सवार छात्र व छात्रा सड़क हादसे में घायल हो गए।

■ ग्राम चिटौद की घटना

मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम चंदनबिरही थाना पुरूर निवासी जयकिशन साहू पिता कोमलराम उम्र 17 वर्ष व तेजिस्वनी साहू पिता नंदकुमार उम्र 16 वर्ष आत्मानंद स्कूल पुरूर में पढ़ते हैं। शुक्रवार को दोनों स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाकर मोटरसायकल क्रमांक सीजी 24-7245 से वापस अपने घर चंदनबिरही लौट रहे थे। ग्राम चिटौद मोड़ से गुजरते समय उनके सामने जा रही बाइक अचानक मुड़ गई। इससे उसने बाइक का अचानक ब्रेक लगाया जिससे दोनों विद्यार्थी बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गए। नितिन ध्रुव की सूचना पर वरदान एम्बुलेस संस्था के शिवा प्रधान, नमेश साहू, डोमन साहू व दिलीप साहू तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना में छात्रों के सिर, पैर व चेहरे में चोट आई है। अस्पताल में घायलों का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई।



स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों के परिवारों ने की एसपी से मांग

# जिले के स्कूलों का नाम शहीदों के नाम पर रखा जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहीद परिवारों ने एसपी से मुलाकात व चर्चा के दौरान जिले के स्कूलों के नाम शहीदों के नाम पर रखने की मांग की है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसपी सूरज सिंह परिहार ने रक्षित केन्द्र में जिले के वीर शहीद पुलिस कर्मियों के परिवारजनों से मुलाकात की। इस दौरान एसपी ने प्रत्येक परिवार का व्यक्तिगत रूप से हालचाल जाना व उनके सुख-दुख में साझेदारी की। मुलाकात के दौरान शहीद परिवारों ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं आवश्यकताओं से एसपी को अवगत कराया। एसपी ने शहीद परिवारों से उन्हें मिलने वाले देयत्वों के बारे में पूछा। सभी ने उसका निराकरण होना बताया जिसकी पुष्टि वहां पर उपस्थित शहीद सेल प्रभारी द्वारा की गई। कुछ शहीद परिवारों ने एसपी के समक्ष एक महत्वपूर्ण मांग रखी, जिसमें जिले के विद्यालयों का नाम शहीदों के नाम पर रखा जाए ताकि उसके अदम्य साहस और बलिदान की स्मृति सदैव जीवित रहे जिसमें वीर शहीद आरक्षक शिवकुमार कोर्राम, शहीद अमजद खान, शहीद छविलाल कांशी, हेमंत कुमार सोम व शहीद प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र सोम के नाम पर रखा जाए। एसपी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम न केवल शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि होगा बल्कि बच्चों व युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बनेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस विषय को संबंधित विभाग के समक्ष प्राथमिकता से रखा जाएगा।





# मध्यान्ह भोजन बनाते कुकर फटा, महिला झुलसी

**धमतरी।** स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाते समय अचानक कुकर में ब्लास्ट हो गया। इस घटना में भोजन पका रही महिला रसोइया झुलस गई। परिजनों के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम मड़ेली निवासी केसरी बाई यादव पति श्यामलाल उम्र 55 वर्ष गांव के भाटापारा स्थित नवीन प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन बनाने का काम करती है। रोजाना की तरह बुधवार को महिला रसोइया स्कूल में बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन बनाने स्कूल गई थी। जहां चूल्हे में एक तरफ सब्जी व एक तरफ कुकर में दाल चढ़ाई थी। दाल पक जाने पर महिला कुकर के हेण्डल को दोनों हाथों से पकड़कर चूल्हे से नीचे उतार रही थी। इसी दौरान गरम दाल से भरा कुकर अचानक फट गया। कुकर के फटने से उससे निकलने वाली गरम भाप व दाल से उसके चेहरे झुलस गए। घटना की जानकारी होते ही परिजनों ने महिला को उपचार के लिए कुरूद अस्पताल में भर्ती कराया जहां से रिफर करने पर महिला को शुक्रवार को जिला अस्पताल लाया गया। महिला का बर्न वार्ड में उपचार जारी है। परिजनों ने शासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

नगर पंचायत में ज्योति व जनपद में गीतेश्वरी ने किया ध्वजारोहण

# कुरुद क्षेत्र में मनाया गया आजादी का महापर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ कुरुद सहित क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर शासकीय, अर्धशासकीय सहित विभिन्न संस्थानों एवं चौक-चौराहों में राष्ट्रध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी गई। नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर एवं जनपद पंचायत में अध्यक्ष गीतेश्वरी हेमंत साहू ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

शुक्रवार को स्वाधीनता दिवस पर नगर पंचायत कुरूद में सुबह 8 बजे अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने ध्वजारोहण कर सलामी दी। उन्होंने नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस दौरान पार्षद गण, अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इसके अलावा पार्षदों ने अपने अपने वार्डों में तिरंगा फहराया। जनपद पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने तिरंगा फहरा और राष्ट्रगान कर सलामी दी। इस मौके पर सीईओ अमित सेन सहित सदस्यगण एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। एसडीएम कार्यालय में एसडीएम नभसिंह कोसले, तहसील कार्यालय में तहसीलदार दुर्गा साहू, कुरुद प्रेस क्लब में अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा ने ध्वजारोहण किया। पीडब्लूडी कार्यालय में एसडीओ श्री शुक्ला ने ध्वजारोहण किया।






## नया बस स्टैण्ड में भानु ने तिरंगा लहराया



आजादी के महान पर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर परम्परानुसार विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने ऑटो रिक्शा यूनियन में ध्वजारोहण करने के साथ श्रीराम मंदिर चौक एवं आटो यूनियन संरक्षक होने के नाते बस स्टैण्ड में लगातार 26 वीं बार तिरंगा ध्वज फहराकर कुरूद के संघ संगठन का नई परंपरा और विश्वास क्रायम कर आटो यूनियन के सदस्यों को स्वाधीनता दिवस की बधाई दी। इसी प्रकार विभिन्न संस्थाओं में संस्था प्रमुखों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रगान किया। सभी शासकीय एवं प्राइवेट स्कूलों में शाला प्रबंधन व पालक समिति के अध्यक्षों ने प्राचार्यों एवं प्रधानपाठकों व शिक्षकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर बच्चों और पालकों को मिष्ठान वितरण किया।

## खेल मैदान में नपं अध्यक्ष ने परेड की सलामी ली



15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर 6 साल बाद खेल मेला मैदान में मुख्य समारोह मनाने नगर पंचायत प्रशासन ने व्यापक तैयारी की थी। अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने तिरंगा फहराया और मार्चपास्ट की सलामी ली। लेकिन बारिश के चलते सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं हो पाया जिससे सारी तैयारियां धरी की धरी रह गईं। इस दौरान अध्यक्ष ज्योति भानु ने अपने संदेश वाचन में कहा कि नगर विकास सहित विभिन्न सामाजिक और धार्मिक सेवाओं के माध्यम से पिछले 5 महीने में हर वर्ग के लिए हमारी नवीन परिषद जो कार्य कर रही है कुरूदवासियों के लिए उपलब्धि भरा रहा है। आगे भी उनकी परिषद लोगों को सुविधा देने विकास कार्यों को गति देगी।

## हाईस्कूल घटुला में जपं सभापति ने किया ध्वजारोहण





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शीतला देवी शासकीय हाईस्कूल घटुला में ध्वजारोहण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जनपद सभापति श्रीमती प्रेमलता नागवंशी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया और विद्यार्थियों व ग्रामीणजनों को राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि आज का दिन हमें देशभक्ति, एकता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दृढ़ करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और समर्पण की भावना के साथ देश की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविता और सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य राजेश कश्यप ने की।

इस अवसर पर सरपंच सरिता ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष बीरेंद्र मिश्रा, मंडल महामंत्री मोनू साहू, उपसरपंच वेदराम साहू, सांसद प्रतिनिधि अजय नाग, सहकारी समिति अध्यक्ष खुशीराम नाग सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पालकगण, विद्यालय परिवार और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। समारोह का संचालन श्री जांगड़े व आभार प्रकट प्रधानपाठक ने किया।

## महिलाओं ने हलषष्ठी व्रत पर सगरी बनाकर की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम बेलौदी समेत पूरे अंचल के गांवों में हलषष्ठी अर्थात कमरछठ का पर्व धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। बेलौदी की हेमलता साहू, लक्ष्मी साहू ने बताया कि शास्त्रों की मान्यता है कि इस दिन हल से जुताई हुए अनाज व सब्जियों का सेवन नहीं किया जाता है। तालाब में उगे पसहर चावल खाकर व्रत रखती हैं इस दिन गाय का दूध, दही इस्तेमाल नहीं किया जाता है। भैंस का दूध, दही और घी का सेवन किया जाता हैं। सुबह से ही महुआ पेड़ की डाली की दातून कर स्नान कर व्रत धारण करती हैं। दोपहर बाद मंदिर या चौक-चौराहों तथा घरों में सामूहिक रूप से बनावटी तालाब अर्थात सगरी बनाकर उसमे जल भरा जाता है। तालाब पार में बेर, पलाश, कांशी का फूल समेत अन्य पेड़ों की टहनियों से सगरी को सजाकर, सामने एक पीढ़ा पर गौरी-शंकर, कलश, बच्चों के खिलौने रखकर पंडित शिव महाराज गोस्वामी से हलषष्ठी माता की कथा सुनी गई। आरती के बाद लाई, चना, महुआ, नारियल का प्रसाद बांटा गया।



मौके पर श्रीमती मनीषा साहू, कामती साहू, गोदावरी साहू, नंदनी साहू, कामती साहू पूर्व उपसरपंच, कौशल्या साहू, यमुना साहू, संतोषी यादव, चेतनी साहू, शांति बाई साहू, भुनेश्वरी साहू, विनीता साहू, पदमनी साहू, भुनेश साहू, अमरीका साहू, अन्नपूर्णा साहू, माधुरी, प्रमिला, दीना बाई साहू, डागेश्वरी, लुकेश्वरी, रीना बाई ,केशरी साहू, भारती, बिंदिया गोस्वामी समेत नाथूराम साहू, चेतराम, खेलुराम, डॉ रूपचंद साहू, फ़रित राम, मोहन साहू, उपस्थित थे।

## भखारा भटेली में मना स्वतंत्रता दिवस



■ नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष ज्योति जैन ने राष्ट्रध्वज फहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष ज्योति जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सर्वप्रथम भारत माता एवं वीर सेनानियों के तैल चित्र पर अध्यक्ष, सीएमओ, उपाध्यक्ष, पार्षदगणों एवं सभी अतिथियों ने पूजन अर्चन किया।

इस अवसर पर ज्योति जैन ने कहा कि आजादी हमें महज कुछ लोगों और कुछ ही समय में नहीं मिली है बल्कि यह आजादी देश के हजारों वीर बलिदानों के कारण और एक लंबे संघर्ष के बाद मिली है। आजादी के बाद हम सभी का कर्तव्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महत्वपूर्ण संकल्प 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में हम सभी को जुड़ना है। रामगोपाल देवांगन ने झंडारोहण करके झंडा को सलामी दी।

कार्यक्रम का संचालन विष्णु साहू ने किया। सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान नगरवासियों के साथ स्कूल छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, कर्मचारीगण शामिल हुए। इससे पूर्व बलून छोड़े गये। राष्ट्रगीत से कार्यक्रम का समापन हुआ।

## देश की एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत



■ जनभागीदारी समिति अध्यक्ष कमल डागा ने ध्वजारोहण कर शहीदों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गवर्नमेंट श्रृंगीऋषि हाईस्कूल नगरी में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष कमल डागा थे।

श्री डागा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे वीर शहीदों ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देकर हमें आज़ादी दिलाई है। उनके त्याग और बलिदान को हमेशा याद रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। हमें अपने जीवन में हर कार्य ऐसा करना चाहिए जो देश की एकता और अखंडता को और मजबूत बनाए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण की दिशा में पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करें तथा अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ें। मौके पर भानेंद्र ठाकुर, महेन्द्र कौशल, दीनदयाल शेरपा, प्राचार्य एस.के. प्रजापति सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने भैंसमुंडी में निकाली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

भारतीय जनता पार्टी ने मोर तिरंगा मोर अभिमान के तहत घर-घर तिरंगा यात्रा नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी में निकाली।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, जिला पंचायत सभापति टीआर कंवर, जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, जिला उपाध्यक्ष विजय यदु, जनपद उपाध्यक्ष खिलेश साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शत्रुघ्न साहू, भाजपा मंडल महामंत्री मुरली सिन्हा नंदनी सिन्हा, सरपंच संघ अध्यक्ष राखी साहू, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष टीकम साहू, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कविता यादव, मंडल उपाध्यक्ष चंदू निषाद, विष्णु साहू, चित्रसेन प्रजापति, मंडल कोषाध्यक्ष डीहू राम साहू, जनपद पंचायत सभापति तिलोत्तमा साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष लोकेश साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष उर्वशी साहू, महिला मोर्चा महामंत्री भानुप्रिया साहू, हिरंजय साहू, एवन साहू, रामायण सिन्हा, भवानी यादव, राधा साहू, रमेश साहू, पार्षद यशोदा साहू, विदम चौहान, हिरामन ध्रुव, श्रवण साहू, लेखराम साहू, जनक साहू, राधा साहू, दुर्गा साहू, रोहित साहू, खूबचंद साहू, जीवराखन साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, झामित सिन्हा, शांति देवांगन, बसंत साहू, नेमू निषाद, घनश्याम साहू, टिकेश्वर साहू, तिलक साहू, छत्रपाल साहू, पूर्णिमा मार्कण्डेय, पुष्पा, उमेश चंद्रवंशी, पुसउराम, जगतू राम, युवराज साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### देश के शहीद जवानों को किया याद



**अंवरी।** ग्राम अंवरी में ग्रामीण साहू समाज द्वारा साहू समाज भवन में तिरंगा झंडा फहराया गया। साहू समाज के पदाधिकारियों ने झंडा फहराकर देश के शहीद वीर जवानों को याद किया।

### मौरीखुर्द स्कूल में फहराया झंडा



**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला मौरीखुर्द में स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर शान से तिरंगा झंडा फहराया गया। प्रधानपाठक श्रीमती आशा ध्रुव ने तिरंगा फहराया। इस दौरान शाला विकास समिति पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### राजपुर के चौक-चौराहों पर लहराया तिरंगा



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में स्वतंत्रता दिवस उत्साह से मनाया गया। गांव के चौक-चौराहों पर तिरंगा झंडा फहराया गया। शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला प्रांगण एवं पंचायत भवन में सरपंच जाम बाई सिन्हा ने ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी दी। नवाडीह स्कूल व बढ़ाईपारा में उपसरपंच मुकेश सिन्हा ने ध्वजारोहण किया।

### सरस्वती शिशु मंदिर सलोनी में हुआ ध्वजारोहण



**कुकरेल(धमतरी)।** आजादी की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर सलोनी में ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण मानिकपुरी समाज के पूर्व अध्यक्ष कैलाश दास मानिकपुरी व परिक्षेत्र उपाध्यक्ष दीपक दास मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोहर दास मानिकपुरी, शिक्षिका मीना साहू, योगेश्वरी साहू, रामेश्वरी साहू, विद्या ध्रुव, दिनेश्वरी ध्रुव, रश्मि साहू, श्रीमती राजेश्वरी साहू, ग्रामीण सामाजिक अध्यक्ष गण चिंतुराम दीवान, खेदराम निर्मलकर, राजू दीवान, विष्णु दीवान, लक्ष्मीकांत सोनी, सत्तार निषाद, बोधराम साहू, झंकेश्वर साहू, नेकराम साहू, ग्राम पटेल झंकेश्वर साहू, श्यामलाल निषाद, अजय ध्रुव, शिव यादव, शेखर यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### संतान की मंगलकामना के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



**आमदी(धमतरी)।** आमदी समेत अंचल में कमरछठ पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने संतान की दीर्घायु जीवन व मंगलकामना के लिए निर्जला व्रत रखा। सगरी बनाकर भगवान शिव, पार्वती व गौरी गणेश की पूजा की। साथ ही मिट्टी का पार्थिव शिवलिंग, भौरा, बांटी, डोंगा भी बनाया। कमरछठ पर्व में पूजन सामग्री के लिए भैंस का दूध, दही, घी का विशेष महत्व होता है। महिलाओं ने पुरोहित से कमरछठ माता की कथा सुनी। महिलाओं ने सगरी की पूजा-अर्चना कर दूध, दही, जल, लाई, चने, महुआ आदि अर्पित किए। पूजा संपन्न होने के बाद महिलाओं ने अपने घर पर बनाए पसहर चावल व छह प्रकार की भाजी का ग्रहण कर व्रत तोड़ा। मौके पर योगेश्वरी साहू, सुरक्षा साहू, तनु साहू, लीना साहू, लता साहू समेत नगर की महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

## स्वतंत्रता दिवस पर आदिवासी भवन कुरुद में नशामुक्ति केंद्र का शुभारंभ भी किया



# भारतरत्न अटलबिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का विधायक चंद्राकर ने किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर पंचायत कुरूद में करीब 20 लाख की लागत से वाटर फिल्टर प्लांट के पास निर्मित भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य आदमकद प्रतिमा एवं अटल परिसर का विधायक अजय चंद्राकर ने लोकार्पण किया। तत्पश्चात केनाल रोड में नशामुक्ति केंद्र का शुभारंभ किया।

इस दौरान श्री चन्द्राकर ने अटलजी से उनकी दो बार हुई मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि अटलजी राजनीति के ऐसे आयाम थे जिन्होंने देश दुनिया में अपनी एक अलग छवि बनाया। उनके विचारों से पक्ष के साथ साथ विपक्ष के नेता भी कायल रहते थे। अटलजी के विचार, सिद्धांत भाजपा के साथ इस देश के राजनीतिज्ञों के लिए अनुकरणीय है। वे कभी भी असहज नहीं रहे, बल्कि काफी सरल और सहज थे। उनके विचारों और सिध्दांतों पर चलने की आवश्यकता है। उनकी प्रतिमा व परिसर का लोकार्पण कर स्वयं गौरान्वित हो रहे हैं। इसके बाद उन्होंने केनाल रोड स्थित आदिवासी समाज भवन में नशामुक्ति केंद्र का शुभारंभ कर नगर व क्षेत्र से नशा रूपी दानव को खत्म करने में सामुदायिक के साथ सामाजिक भागीदारी दिखाने लोगों से अपील की।

### सर्वमान्य कैसे बने, यह अटलजी से सीखें : ज्योति

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने कहा कि अटल जी की प्रतिमा एक प्रतीक है कि कैसे हम राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन में अपने विचारों और सिध्दांतों से सर्वमान्य बने। इसके लिए हमें उनसे प्रेरणा मिलती है। इस दौरान श्रीमती चंद्राकर ने नशा मुक्ति के लिए उनकी अगुवाई में हो रहे कार्यों एवं महिला कमांडो की भूमिका पर बात रखते हुए कुरुद नगर को नशामुक्त व स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर बनाने की बात कही।

कार्यक्रम में निरंजन सिन्हा, अनिल चन्द्राकर, मालकराम साहू, रविकांत चन्द्राकर, भानु चन्द्राकर, गौकरण साहू, आनंद गांधी, दीपक गांधी, राजेश पवार, भूपेंद्र चन्द्राकर, मनीष साहू, पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में जनप्रनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी व ठेकेदार उपस्थित थे।

## निधन

### राजू साहू

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम बनबगौद निवासी राजू साहू का शुक्रवार की रात्रि आकस्मिक निधन हो गया।



ज्ञात हो कि राजू पेपर बांटने का काम करता था। उनके देहांत हो जाने के कारण कुकरेल प्रेस क्लब एवं क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन पर शशिकांत हरदेल, उमेश सिंह बशिष्ट, झानू नागेश, अजय ध्रुव, टारजन दास, मानिकपुरी, राजेंद्र शर्मा, हिरेद्र शर्मा, करण चन्द्राकर ने शोक व्याप्त किया है।

**।। न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.) ।।**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम सांगली को सूचित किया जाता है कि आवेदक चिन्तुराम आ. लोरिक जाति राऊत साकिन सांगली द्वारा ग्राम सांगली प.ह.नं. 05 तहसील गुरूर स्थित संयुक्त नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 440/2, 440/4, 458/3, रकबा क्रमशः 0.15, 0.14, 0.03 हे. भूमि राजस्व अभिलेख है। उक्त भूमि से संबंधित ऋण पुस्तिका दिनांक 05.10.2023 को गुम हो गया है। जिसे योग्य सभी स्थानों को पतासाजी किया गया, लेकिन नहीं मिल पाया और न ही मिलने की संभावना है। आवेदक डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु खाता बी-वन की नकल, शपथपत्र, नोड्यूज, थाना रिपोर्ट की प्रति, चालान सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 21/08/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
गुरूर
















संकलनकर्ता : यशवंत गंजीर, हरिभूमि संवाददाता, कुरूद मो. 9826882770, 7987345385

## स्कूली छात्रों ने देशभक्ति, संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति

# अबूझमाड़ के बच्चों ने मलखम्ब कला का किया बेहतरीन प्रदर्शन, खूब तालियां बटोरी







- विधायक अजय चंद्राकर ने एकलव्य खेल मैदान में किया ध्वजारोहण
- शहीदों के परिजनों को शाल-श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने 79 वें स्वाधीनता दिवस पर ज़िला मुख्यालय के डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला के एकलव्य खेल मैदान पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण पश्चात विधायक ने परेड का निरीक्षण किया। इस बार भी स्वतंत्रता दिवस गरिमामयी तरीके से आयोजित हुआ। बारिश के बीच समारोह को लेकर उत्साह में कोई कमी नहीं आई। मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। शांति स्वरूप के तौर पर आकाश में तीन रंग के गुब्बारे छोड़े। उन्होंने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार साथ थे।

जिलास्तरीय समारोह जिला मुख्यालय के एकलव्य खेल मैदान में प्रातः 9 बजे से शुरू हुआ। पुलिस एवं अर्द्ध सैनिक बलों, नगर सेना की टुकड़ियां, स्काउट-गाइड, एनसीसी, रेडक्रास की छात्राओं, स्काऊट्स गार्ड, परेड में हिस्सा लिया। स्थानीय निजी स्कूल की छात्राओं ने आकर्षक बैंड की धुन के साथ मार्च पास्ट किया। समारोह का मुख्य आकर्षक का केंद्र अबूझमाड़ मलखंब एकेडमी के खिलाड़ियों का मनमोहक प्रदर्शन रहा। इन मलखंब कलाकारों ने न केवल राष्ट्रीय, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी अपनी पहचान बनाई है और आज स्वतंत्रता दिवस समारोह में मंच से दर्शकों को अपने अद्वितीय करतबों से मंत्रमुग्ध किया। उनका प्रदर्शन रोमांच और जोश से भरपूर रहा। अतिथियों और दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इस समारोह में मलखंब के इंडिया गॉट टैलेंट सीजन 10 के विजेता भी शामिल हुए, जिन्हें विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने जिले के शहीदों के परिजनों को शाल-श्रीफल से सम्मानित किया और उनका कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले ज़िला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों, प्रतिभागियों को को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया। समारोह में विधायक धमतरी ओंकार साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, महापौर नगर निगम रामू रोहरा, जनपद अध्यक्ष, पार्षदगण, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# नगरी में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया

- छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति, कार्यक्रम देखने बारिश में छतरी लेकर पहुंचे लोग





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और आज़ादी की गौरवगाथा को स्मरण करते हुए नगरी में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। नगर के शासकीय श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में नगरवासियों सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की झलक पेश करते हुए परंपरागत वेशभूषा में बच्चों ने गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमुदाय का दिल जीत लिया।

इस अवसर पर शहीदों के परिजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। नगर के प्रबुद्धजनों ने इसे भावनात्मक और प्रेरणादायी क्षण बताया। स्वतंत्रता दिवस का यह आयोजन नगर में लंबे समय तक चर्चा का विषय बना रहा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, शहीदों का सम्मान और पुलिस की सजगता ने इस दिन को और भी यादगार बना दिया। हालांकि कार्यक्रम स्थल के पास नगरवासियों के बैठने के लिए पंडाल तो लगाया गया था पर पर्याप्त वॉटरप्रूफ व्यवस्था नहीं थी। बीच-बीच में हल्की बारिश के कारण होने के कारण वहीं कार्यकम स्थल के सामने छतरी लेकर छोटे बच्चे व नगरवासी खड़े दिखाई दिए साथ ही कुछ नगर के लोगों ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए बेहतर इंतज़ाम किए जा सकते थे। समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग द्वारा एक सराहनीय पहल भी की गई। नगर में संदिग्ध अवस्था में घूम रहे कुछ लोगों की जांच की गई, जिनके पास से अवैध चाकू कड़े जैसे खतरनाक औज़ार बरामद हुए। इस तत्परता और सजगता के लिए पुलिस की नगरवासियों ने खुलकर प्रशंसा की।

## सांकरा में सरपंच ने किया ध्वजारोहण



**नगरी।** ग्राम पंचायत सांकरा में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच नागेंद्र बोरझा ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मितानिन बहनों को गुड्डा व थर्मामीटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच हरीश साहू, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, ग्राम सभा अध्यक्ष सत्ती मरकाम, मानस समिति अध्यक्ष सुरेश साहू, सचिव मदन सेन सहित वार्ड पंचगण नंदू ध्रुव, खेमराज साहू, जनक साहू, लव कुमार साहू, लक्ष्मीनाथ ध्रुव, अमेश मरकाम, मनोज पटेल,नंदनी सूर्यवंशी, संगीता भंडारी, हिरमिशी कश्यप, कचरा ग्वाले, हेमलता साहू, जगबती ध्रुव, राधा बाई साहू, मोहनी तारक, कविता साहू उपस्थित रहे।

## पंचायत भवन में सरपंच ने लहराया तिरंगा



**नगरी।** ग्राम पंचायत उमरगांव में स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। ग्राम पंचायत भवन परिसर में मुख्य अतिथि सरपंच अंजना ध्रुव ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। ग्राम के सरस्वती शिशु मंदिर और चौक चौराहों एवं शासकीय भवनों पर तिरंगा झंडा फहराया गया और स्कूल छात्र छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। बच्चे देशभक्ति नारों के साथ गांव की गलियों और चौराहों से होते हुए शाला परिसर पहुंचे, जहां मुख्य कार्यक्रम आयोजित था। स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, कविताएं, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उमरगांव के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद कर परिवारवालों को सम्मान किया। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, शाला परिवार सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## परिक्षेत्र साहू समाज भवन सेमरा में हुआ ध्वजारोहण



**अंवरी।** परिक्षेत्र साहू समाज सेमरा द्वारा सामाजिक भवन में ध्वजारोहण किया गया। पूजा अर्चना के पश्चात मुख्य अतिथि घसियाराम साहू संरक्षक ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर साहू समाज सेमरा परिक्षेत्र अध्यक्ष होमेन्द्र साहू ने कहा कि इस दिन भारत के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी जाती है जिनके त्याग और बलिदान के चलते हमारे भारत को अंग्रेजी हुकूमत से आजादी मिली थी। आज का दिन इनकी बहादुरी, वीरता और शौर्य को नमन करने का है। देश के इन स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी को पाने के लिए लंबा संघर्ष किया। समाज की एकता, समर्पण और देशभक्ति की भावना पर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर परिक्षेत्र उपाध्यक्ष जानकी दशरथ साहू, कल्याण साहू, सचिव पोषण लाल साहू, सहसचिव चंद्रशेखर साहू, संजय दास साहू, कोषाध्यक्ष दुलरवा राम साहू, चंद्रिका प्रसाद, टेमन साहू, नरसिंगसाहू, राजेंद्र साहू, टीकू साहू सहित गणमान्य सदस्य उपस्थित थे ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया।

## सर्वोदय स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी मनी



**धमतरी।** सर्वोदय हायर सेकंडरी स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि गौरव मगर, विशिष्ट अतिथि शकुन्तला साहू, सुभाष यादव थे। अध्यक्षता टीआर सिन्हा थे। नन्हे मुन्ने बच्चे कृष्णराधा की वेशभूषा में आए थे। दही लूट का कार्यक्रम भी हुआ। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

## स्वतंत्रता दिवस पर नगर पंचायत के तीन कर्मचारियों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

15 अगस्त के उपलक्ष्य में नगर पंचायत प्रांगण में आयोजित कर्मनिष्ठा सम्मान समारोह में नगर पंचायत के तीन उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा ने इन कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

सम्मान पाने वालों में राशन कार्ड प्रभारी दुर्गेश साहू ने इन चार महीनों में राशन कार्ड में नाम जुड़वाना कटवाना एवं नवीन राशन कार्ड के कार्य को त्वरित निराकरण कर नगर की जनता का कार्य किया। स्वच्छता व्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पुष्कर पाटिल की कार्य शैली से पूरे बरसात के दिनों में नगर में कहीं पर भी जल भराव की स्थिति नहीं आई एवं पूरे नगर की नालियों की भी सफाई इनके मार्गदर्शन में नगर की कर्मचारियों द्वारा व्यवस्थित तरीके से की गई एवं स्वच्छता में नगरी नगर पंचायत पूरे देश में स्वच्छता रेटिंग में 37वें स्थान पर पहुंच पाया। कंप्यूटर संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दुर्गेश साहू द्वारा कोई भी ऑनलाइन आवेदन किसी भी हितग्राही के पेंशन की जानकारी त्वरित उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे कर्मवीरों का सम्मान किया गया।

अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि नगर के विकास और जनता की सेवा में निष्ठा, अनुशासन और ईमानदारी से कार्य करने वाले कर्मचारी नगर पंचायत की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह सम्मान अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। कार्यक्रम में शिक्षिका हिरमनी सोम, नगर पंचायत के पार्षदगण अश्वनी निषाद, देवचरण ध्रुव, शंकरदेव, नरेश पटेल, चेलेश्वरी साहू, अंबिका ध्रुव, विनीत कोठारी, डागेश्वरी साहू, मिकी गुप्ता, जयंती साहू, पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र आराधना शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा, पूर्व पार्षद लखन साहू, रामगोपाल साहू समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## गैलेक्सी स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस



**सिर्री।** गैलेक्सी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल नारी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि पीएल साहू वरिष्ठ नागरिक नारी व संस्था के संचालक राजेन्द्र कुमार साहू ने ध्वजारोहण किया। ध्वज के सम्मान में छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान गाया। तत्पश्चात प्रभात फेरी निकाली गयी। विद्यालय के छात्र-छात्राओं का देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, कविता व भाषण का कार्यक्रम हुआ। गरिमा सोनकर व चमक साहू के भाषण, मोंगरा साहू एवं लोकाम्या साहू के गीत, हिमांशु साहू, लक्ष्य माण्डे, रुद्र दुबे एवं डेनिस चंदन की कविताओं ने श्रोताओं को उत्साह से भर दिया। मौके पर प्राचार्य डेमचंद साहू, शिक्षक दिलीप कुमार साहू, अनिल कुमार साहू, घनश्याम साहू, जावेन्द्र कुमार यादव, नानक राम साहू, चैतन्य कुमार साहू, पारसमणि पाल, महेश कुमार गड़ेवाल, एसकुमार साहू, ताम्रजध्वज साहू, शिक्षिका केंवरा साहू, रेखा निषाद, देविका साहू, जानकी साहू, शशिबाला साहू, जागेश्वरी निषाद, हेमलता साहू, मीनाक्षी साहू, खेमलता साहू, डेमपुष्पा साहू, रेणुका साहू, छात्रसंघ अध्यक्ष फनिषा साहू, उपाध्यक्ष प्रतीक साहू, सांस्कृतिक प्रभारी कुमकुम देवांगन, अनुशासन प्रभारी दामिनी साहू, क्रीड़ा प्रभारी जागेश्वर ध्रुव, नृत्य अमोली यादव, आया गीता निषाद एवं विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## जोरातराई में मना आजादी का जश्न





**अंवरी।** ग्राम जोरातराई अ में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। पूर्णिमा रामस्वरूप साहू ग्राम पंचायत व साहू समाज भवन, ईश्वर निषाद उपसरपंच गांधी चौक, सुदामा साहू प्राथमिक शाला, राधिका साहू व कृष्णा साहू महिला मण्डल भवन, नन्द कुमार तारक नवीन प्राथमिक शाल, धनसिंह साहू आगन बाड़ी केन्द्र क्र. 03, नन्दकुमार साहू आंग बाड़ी केन्द्र क्र. 02, प्रकाश तारक हायर सेकण्डरी स्कूल, पंचम पाल गणेश चौक व शैलेन्द्र निर्मलकर ने माध्यमिक स्कूल में झंडा रोहन किय। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया। पूर्णिमा साहू सरपंच ने पहली से लेकर बारहवीं तक 2024-25 मे प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किये छात्र छात्राएं व संभागीय स्तर पर व राज्य स्तर पर भाग लेने छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मान किया। साथ ही ग्राम से पढ़कर उच्च पद पर कार्य कर रहे सचिन पाल व राजेन्द्र साहू छग पुलिस, डोमन साहू व योगेन्द्र सब इंजीनियर, अरविंद साहू आबकारी इंस्पेक्टर, अविनाश साहू लेबर इंस्पेक्टर, भानुकान्त पाल, मुकेश साहू, भूपेन्द्र निषाद व मुकेश साहू भारतीय सेना, दाऊ हरवंश अग्रवाल समाजसेवी, डा. रवि साहू व डा. योगेश साहू एमबीबीएस को गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

# पेनाल्टी शूट से हुआ फैसला, दो गोल से रायपुर बना विजेता

- फाइनल मैच में रायपुर एवं दल्लीराजहरा के बीच 1.30 घंटे तक रही कांटे की टक्कर
- फुटबॉल स्पर्धा में 16 टीमों ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सप्तऋषि फुटबॉल क्लब द्वारा हाईस्कूल मैदान नगरी में 5 दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया जिसमें बिहार बक्सर, असम एफसी, ब्रह्मविद रायपुर, राजहरा माइंस, यूएफसी अफ्रीका (कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर), सप्तऋषि फुटबॉल क्लब नगरी, हिडन एफसी नगरी वारहॉकस नरहरपुर, कांकेर एफसी, अदानी अंबिकापुर, बिलासपुर रेलवे, रायपुर चैंपियन, भिलाई एफसी रही। पहला सेमीफाइनल मैच रायपुर और भिलाई एफ़सी के बीच खेला गया जिसमें रायपुर टीम विजयी रही। दूसरा सेमीफाइनल मैच दल्लीराजहरा व धमतरी के बीच हुआ। इसमें दल्लीराजहरा टीम विजयी रही। फाइनल मैच रायपुर फुटबाल क्लब एवं दल्लीराजहरा फुटबाल क्लब के बीच 15 अगस्त को हुआ। दोनों टीमों के बीच 1.30 घटे तक कांटे की टक्कर देखने को मिला। अंतिम परिणाम पेनालटी शूट से हुआ। 2 गोल से रायपुर की टीम विजयी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, कमल डागा ,विकास बोहरा, एएल बनपेला, पार्षद शंकर देव, राजा पवार, रुपेन्द साहू ने विजेता टीम को शील्ड प्रदान किया। प्रथम पुरस्कार 51,000 रुपए विकास बोहरा उपाध्यक्ष नगर पंचायत नगरी की ओर से दिया गया। एसएस एक्वेफिट द्वारा प्रथम विजेता को ट्रॉफी प्रदान की गई। द्वितीय पुरस्कार 25,000 रुपए एवं ट्रॉफी ऋषभ ऑटो पार्ट्स एवं रिपेयरिंग सेंटर द्वारा दी गई। बेस्ट फॉरवर्ड, बेस्ट मिड फिल्डर, बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट गोलकीपर बेस्ट, अनुशासित टीम को आकर्षक इनाम अनवर रजा दिया गया। मैदान के चारों ओर बड़ी संख्या में दर्शक दीवार के ऊपर बैठकर मैच का लुत्फ लिया। मौके पर संरक्षकगण-प्रेमजीत छाबड़ा, अकरम खान, भूपेंद्र ठाकुर, मुकेश कंचन, पुरुषोत्तम निर्मलकर, राजकुमार राजपूत, विनय चौहान, गोविंदा ठाकुर, अध्यक्ष संकेत सिंह चौहान, दुष्यंत सिंह, लोकादित्य ठाकुर, बलदेव निषाद, बसंत वनपेला, रोहन सिंह राजपूत, वैभव ध्रुव योगेश सेन, जितेश निषाद, पंकज सिन्हा, राज चौहान, प्रभात साहू, कन्हैया ठाकुर, तेशु सेमरे, दीपेश सेमरे, मनीष ध्रुव समेत बड़ी संख्या में फुटबाल प्रेमी मौजूद थे।

## संघर्ष से मिली देश को आजादी



**मगरलोड।** स्वतंत्रता दिवस पर ख़सिोरा सोसायटी में मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू ने ध्वजारोहण किया। श्री साहू ने कहा कि 15 अगस्त 1947 के दिन अंग्रेजी हुकूमत की बेड़ियों को तोड़कर हमने उसी दिन आज़ादी की सांस ली। स्वतंत्रता एक दिन में नहीं मिली है। इसके लिए दशकों तक संघर्ष किया।

## हाईस्कूल अंवरी में फहराया तिरंगा





**अंवरी।** शासकीय हाईस्कूल अंवरी में ध्वजारोहण किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था जिसमें देशभक्ति गीतों के साथ कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्रामीणजन व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत मेघा में हुआ ध्वजारोहण




**मगरलोड।** मेघा के निषादपारा में अभिनव मेघावाले मेघा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सुरीतराम निषाद, मेघा मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, बेदराम साहू पंच मेघा, गैतराम निषाद, विशाली राम निषाद, अहेसिंह निषाद, रंजीत राम पूर्व पंच, शभागा बाई निषाद, श्रीमती मानबाई, श्रीमती पुष्पा निषाद, पूर्व पंच साहू, परमेश्वर निषाद, भागवत निषाद, त्रिलोक निषाद, तुलेश्वर निषाद, खम्हनलाल निषाद शामिल रहे।

## संकरी में अटलबिहारी को दी गई श्रद्धांजलि



**सिर्री।** ग्राम संकरी में 16 अगस्त को भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई गई। उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर सरपंच शिवराम श्रीहोल, उपसरपंच राजेन्द्र साहू, पंच योगेश साह, पंच दीनदयाल साहू, नेतराम साहू, पूर्व सरपंच गज्जू राम साहू, सुजीत साहू पंच, उर्वशी साहू हेमंत साहू, गेवन साहू समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

जगतगुरु नरेंद्र स्वामी की कृपा से और 5 दिन के लिए



अखिल भारतीय ज्योतिषी
माँ कामाख्या के परम भक्त
पं. कुण्डलिक शास्त्री जी



जनता की मांग पर 7वीं बार : 4 अगस्त से 21 अगस्त तक

मां कामाख्या के आशीर्वाद प्राप्त भक्त पंडित जी चेहरा-हस्तरेखा ध्यान से देखकर भविष्य बताते हैं। जैसे रोग- संतान प्राप्ती, मांगलिक दोष, कालसर्प दोष, शादी में रूकावट, प्रेम विवाह, पारिवारिक-घर में अशांति, संतान योग, पढ़ाई में मन न लगना, बच्चों के कैरियर, विदेश यात्रा, राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक, कोर्ट-कचहरी से परेशानी, नौकरी में प्रमोशन, व्यापार धन लाभ, शारीरिक कष्ट, रोग, पीड़ा, कलेश, शत्रु से मुक्ति, घर से परेशान, पति-पत्नी का दोष आदि समस्याओं का समाधान। कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान।

बाबाजी सिर्फ 3 प्रश्नों के उत्तर देंगे, जिसकी भावना शुद्ध है वहीं मिले

(मिलने का समय : सुबह 8 से 12 बजे, दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक)

पता - भगवती लॉज, रूम नं. 117
बस्तर रोड, धमतरी मो. 9637078050

फीस 205/-


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत राजपुर
श्री उत्तम नेताम
सरपंच
श्री जय साहू
उपसरपंच
श्री भोजराज साहू
सचिव
श्री
रोजगार सहायक
सम्माननीय पंचगण
श्रीमती मोनिका साहू
श्रीमती टिकेश्वरी मरकाम
श्रीमती महेन्द्री प्रजापति
श्रीमती सविता नेताम
श्रीमती शशि यादव
श्री नरेश सोरी
श्रीमती यशोद मरकाम
श्री दशरत सोम
श्री वरूण वट्टी
श्री नीलम कुंजाम
श्री सूरज मरकाम
श्री रंजीत तारक
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत राजपुर वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)


समस्त क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक बधाई-शुभकामनाएं
इस स्वतंत्रता दिवस पर
सकारात्मकता का संचार हो
सम्मान हो हर सपने का
साहस का अब सत्कार हो
डोमार सिंह ध्रुव
ब्लाक संयोजक
सुरेन्द्र कुमार साहू
ब्लाक संयोजक
अध्यक्ष छग कर्म.कांग्रेस
यशवंत कुमार साहू
ब्लाक सहसंयोजक
जोहन नेताम
ब्लाक सहसंयोजक
गिरीश कुमार जायसवाल
ब्लाक महासचिव
देवप्रकाश ताम्रकार
ब्लाक सचिव
कौशल प्रसाद साहू
ब्लाक प्रवक्ता
महेन्द्र कुमार बोर्झा
ब्लाक कोषाध्यक्ष
सुरेन्द्र कुमार नेताम
तहसील संयोजक बेलरगांव
श्रवण कुमार साहू
प्रभारी पी.एच.ई.
शुभेच्छु : छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लाक शाखा नगरी, जिला धमतरी छग


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई
ग्राम पंचायत अमाली
श्रीमती हिरौंदी ध्रुव
सरपंच
श्रीमती जीतबाई भारद्वाज उपसरपंच
श्री प्रदीप कुमार चौरे सचिव
श्री परमेश्वर साहू
रोजगार सहायक
देवकुमार कश्यप
तुलेश्वरी ध्रुव
लताबाई ध्रुव
हरचंद साहू
यशबाई मरई
इन्द्रा ध्रुव
वर्षा रूपेंद्र साहू
किरण कोसरे
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत अमाली वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)


स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
श्री कन्हैया नाग
सरपंच ग्रा. पं. गोरेगांव
श्री हृदय साहू
उपाध्यक्ष ज. पं. नगरी
श्रीमती कैलेन्द्री कश्यप
सरपंच ग्रा. पं. मोदे
श्रीमती हिरौंदी ध्रुव
सरपंच ग्रा. पं. अमाली
श्रीमती लिकेश्वरी पोटाई
सरपंच ग्रा. पं. छिपली
श्री सोमनाथ सोम
सरपंच ग्रा. पं. संबलपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई
ग्राम पंचायत बिरगुड़ी
श्री अमृतलाल नाग
सरपंच बिरगुड़ी
श्री खिलानंद नवरंग
सचिव बिरगुड़ी
श्री अकबर कश्यप
उपसरपंच बिरगुड़ी
विनीत : समस्त पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत बिरगुड़ी वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई
ग्राम पंचायत खम्हरिया
श्री संत मरकाम
सरपंच खम्हरिया
श्रीमती हुलारानी ध्रुव
उपसरपंच खम्हरिया
श्री भूपेन्द्र देवांगन
सचिव खम्हरिया
श्री टिकेश साहू
रोजगार सहायक
पंचगण : श्रीमती भानबाई साहू, श्रीमती गीतादेवी कश्यप, श्री रहत ग्वाल, श्रीमती पुष्पा यादव, श्री ललेश यादव, श्रीमती सुशीला कश्यप, श्रीमती मालती ध्रुव, श्री पवन ध्रुव, श्री पक्क्षीत निर्मलकर, श्रीमती रोहणी निर्मलकर, श्री धनपुनिया रात्रे, श्रीमती सुंदरी ध्रुव रो.सहा., श्री धनंजय ध्रुव भृत्य
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत खम्हरिया वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई
ग्राम पंचायत बटनहर्रा
श्रीमती अनीता मरकाम
सरपंच
ग्राम पंचायत बटनहर्रा
श्री गौतम लाल साहू
उपसरपंच
ग्राम पंचायत बटनहर्रा
श्री विनोद कुमार जैन
सचिव
ग्राम पंचायत बटनहर्रा
पंचगण : श्री हेमलाल कुंजाम, श्री रामेश्वर, श्रीमती सेवतीबाई यादव, श्रीमती रमुलाबाई गुरुपंच, श्री राजकुमार देव, श्रीमती अनीता नेताम, श्रीमती पार्वती मरकाम, श्रीमती मीनाबाई मरकाम, श्रीमती कलिका वट्टी, श्री देवेश कुमार मंडावी
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत बटनहर्रा वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई
ग्राम पंचायत जैतपुरी
श्री डोमार सिंह नेताम
सरपंच
श्रीमती ज्योति सोरी
उपसरपंच
श्री विनोद कुमार जैन
सचिव
पंचगण : श्रीमती मोनिका कश्यप, श्री धनराज नेताम, श्रीमती रश्मि कोर्राम, श्री अजय कुमार, श्री मिलाप नताम, श्री पुनीतराम कोर्राम, श्रीमती रूखमती निषाद, श्री राजेंद्र पटेल, श्रीमती रामकुमारी मरकाम
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत जैतपुरी वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### तिरंगे की प्रतिकृति में मकेश्वर महादेव का हुआ श्रृंगार

**धमतरी।** शहर के हृदय स्थल में विराजमान लगभग 800 वर्ष पुराने प्राचीन मकेश्वर महादेव मंदिर में स्वतंत्रता दिवस की शाम भक्तों ने भगवान भोले भंडारी का राष्ट्रध्वज तिरंगा की प्रतिकृति में दिव्य श्रृंगार करते हुए पूरे विधि-विधान से घंटी व शंखों की ध्वनि के बीच पूजा अर्चना की। इसके पश्चात तीन रंगों का गुब्बारा भी आकाश पर छोड़ा गया। भगवान भोले भंडारी का जब अद्भुत, अलौकिक एवं भव्य श्रृंगार किया जा रहा था तभी मंदिर परिसर के पीछे नागदेव ने दर्शन दिए।

### विशिष्ट अवसर पर मांस-मटन की बिक्री पर प्रतिबंध

**धमतरी।** महापौर रामू रोहरा के निर्देश पर नगर निगम ने आदेश जारी किया है कि आगामी पर्व-त्योहारों पर शहर में मांस-मटन की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। आदेश के अनुसार 20 अगस्त (जैन पर्यूषण पर्व का प्रथम दिवस) एवं 27 अगस्त (जैन पर्यूषण पर्व का अंतिम दिवस) को पूरे निगम क्षेत्र में स्थित पशु वध गृह और सभी मांस–मटन की दुकानें बंद रहेंगी। नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह आदेश छत्तीसगढ़ शासन के नागरिक प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार जारी किया गया है। निर्धारित तिथियों पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र में सतत निगरानी रखेंगे, ताकि प्रतिबंध का कड़ाई से पालन हो सके। स्वास्थ्य अधिकारी ने चेतावनी दी है कि पर्वों के दौरान किसी भी होटल, रेस्टोरेंट या प्रतिष्ठान में मांस मटन बेचते पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी होगी।

शहर समेत अंचल में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनी, मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड़

# लड्डू गोपाल को झूले में झुलाया, रात बारह बजे मनाया जन्मोत्सव, आतिशबाजी हुई





हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार को अंचल पूरा अंचल धार्मिकमय हो गया। भक्तगण अपने प्रिय भगवान की आराधना में दिनभर लगे। रात्रि 12 बजे तक निर्जला उपवास रखा। मंदिर में जाकर भगवान का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शहर के प्रमुख कृष्ण मंदिर श्रीबांके बिहारी मंदिर में अलसुबह मंदिर के पट खुलते ही दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। दिनभर भजन, पूजन, आरती का कार्यक्रम हुआ। सुबह आरती पश्चात भगवान को 56 भोग लगाया गया। अयोध्यावासी स्वर्णकार न्यास व राधिका भजन मंडली का दिनभर भजन, गीत का कार्यक्रम हुआ। बच्चे कृष्ण वेशभूषा में नजर आए। थाल सजावट, रंगोली, राधाकृष्ण सजाओ आदि कार्यक्रम दिनभर होते रहे। दोपहर को आरती पश्चात भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। रात्रि 12 बजे भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। आतिशबाजी कर खुशियां प्रकट की। महाआरती पश्चात भगवान को पालने में झुलाया गया। महाप्रसादी वितरण के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ।

प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर के पुजारी पं. बालकृष्ण शर्मा, गौरव शर्मा ने बताया कि मंदिर का पट खुलते ही भक्तों की दर्शन के लिए भीड़ लगनी शुरू हो गई। दिनभर भजन, कीर्तन, गीत का कार्यक्रम हुआ। रात्रि 12 बजे के बाद भक्तों ने जन्मोत्सव मनाया। रातभर पालने में झूला झुलाया। जन्मोत्सव के बाद आतिशबाजी हुई। महाप्रसादी का वितरण भक्तों ने किया गया।

किले के हनुमान मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। भगवान को पालने में झुलाया गया। जन्म गीत गाया गया। पुजारी पं. सुरेश दुबे ने बताया कि शाम 5 बजे विद्यार्थी ने भजन गाया। रात्रि 9 बजे से रात्रि 12 बजे टोली भजन रखी गई। 12 बजे जन्मोत्सव मनाया गया।

मठ मंदिर के पुजारी पं. हनुवंश वैष्णव ने बताया कि मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर मंडली द्वारा दिनभर भजन कार्यक्रम रखा गया। रात्रि 9 बजे भगवान को विराजित कर पूजा, अर्चना, 56 भोग, आरती, अभिषेक कर विशेष पोशाक पहनाई गई। 2 घंटे की पूजा के बाद 12 बजे रात्रि में जन्मोत्सव का कार्यक्रम मना। भक्तों ने खुशियों ने मिठाई। चॉकलेट बांटी। मंदिर की ओर से भक्तों को प्रसादी दिया गया। सोमवार को नंदोत्सव में मटका फोड़ व भजन शाम 4 बजे रखा गया। इसके अलावा सभी घरों, मोहल्लों में यादव परिवारों द्वारा सार्वजनिक रूप से पंडाल लगाकर श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

### घड़ी चौक में मटका फोड़ का हुआ आयोजन

श्रीराम हिन्दू संगठन द्वारा घड़ी चौक में दही हांडी महोत्सव का आयोजन रखा गया, जिसमें पिरामिड और ग्रीस लगे पाइप में मटका फोड़ गया। पिरामिड में विजेता टीम को 31 हजार प्रतीक चिन्ह, ग्रीस लगे पाइप में मटका फोड़ने पर 5100 रूपये एवं प्रतीक चिन्ह दिया गया।

## रातभर कृष्ण की भक्ति में झूमते रहे श्रद्धालु

- कृष्ण जन्म पर जमकर हुई आतिशबाजी, दही लूटने मची होड़



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

ग्राम खपरी में उत्साह के साथ कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया। दिनभर सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यक्रम चलता रहा। रात में राधाकृष्ण मंदिर में संगीतमय भजन हुआ। कर्मा माता मंदिर में भजन कीर्तन की धूम रही। उत्सव में पूरे गांव के लोगों ने भागीदारी की। कार्यक्रम रात 2 बजे तक चलता रहा।

सरस्वती शिशु मंदिर में छोटे छोटे बच्चे राधा कृष्ण के वेश में पहुंचे थे। दोपहर को बच्चों की शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद मटका फोड़ हुआ। दिनभर कृष्ण भक्ति का कार्यक्रम चलता रहा। इस दौरान संस्था के प्रधानाचार्य लोकेश साहू, आचार्य श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू उपस्थित थे। इसके बाद राधाकृष्ण मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शाम ढलते ही भजन संध्या शुरू हो गई थी। भजन गायक परमेश्वर साहू सहित साथियों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। पंडित युवराज शर्मा के सानिध्य में भगवान कृष्ण की विशेष पूजा की गई। रात 12 बजते ही जमकर आतिशबाजी की गई। यादव बंधुओं ने दोहा लगाते हुए दही लूट का कार्यक्रम किया। इसके बाद सभी ग्रामीणों ने एक के बाद एक भगवान कृष्ण का पालना झुलाया। सभी श्रद्धालु भगवान कृष्ण की भक्ति में झूमते रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सुशीला शर्मा, श्रीमती पुष्पा शर्मा, विकास शर्मा, विक्रांत शर्मा, ज्योति शर्मा, दीपिका शर्मा, दर्श शर्मा, संतराम ध्रुव, पंकज साहू, वेदकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## संतान की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाओं ने रखा व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏩सिर्री



ग्राम चारभाठा में हलषष्ठी पर्व पर महिलाओं ने संतान की दीर्घायु के लिए व्रत रखा। सुहागिन महिलाओं ने संतान प्राप्ति के लिए व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। पर्व में बिना हल चले पसहर चावल और 6 प्रकार की भाजियों का भोग लगाने का विशेष महत्व है। हलषष्ठी देवी को धरती का स्वरूप माना जाता है, इसलिए इस दिन हल चले जमीन पर माताएं नहीं चलतीं और हल चले जमीन से उपजे अन्न का उपयोग नहीं करती। पूजा के दौरान महिलाओं ने सगरी बनाकर भगवान शंकर व गौरी, गणेश को पसहर चावल, दूध, दही, घी, बेल पत्ती, कांशी सहित अन्य सामग्रियां अर्पित की।

महिलाओं ने पसहर चावल, 6 प्रकार की भाजी से बने प्रसाद ग्रहण कर उपवास तोड़ा। इस अवसर पर शकुंतला देवांगन सभापति जनपद पंचायत कुरूद, चंद्रकला देवांगन सरपंच, टेमिन साहू पूर्व सरपंच, गिरिजा साहू, ओमलता देवांगन, गुंजा देवांगन, कुंती साहू, चम्पा साहू, पुनिया साहू, हलसी निषाद, क्रांति निषाद, पिंकी देवांगन, रेणुका देवांगन, देवकी साहू, मुखेश्वरी साहू, योगिता साहू, जागृति निषाद, लेमिन निषाद, संतोषी यादव, छल्ला देवांगन, सावित्री साहू, चम्पा साहू सहित अन्य महिलाओं ने पूजन कर व्रत तोड़ा।

## विद्याकुंज स्कूल के छात्र आयुष का नीट में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

गत दिनों ऑल इंडिया स्तर पर नीट की परीक्षा आयोजित की हुई, जिसमें विद्या कुंज स्कूल लोहरसी के छात्र आयुष जटवार का पहली बार में ही चयन हो गया। आयुष प्राथमिक कक्षा से ही मेधावी छात्र रहा है। कक्षा दसवीं एवं कक्षा बारहवी की परीक्षा में भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण हुआ है। सत्र 2024-25 में बारहवीं परीक्षा उत्तीर्ण कर ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित नीट की परीक्षा में चयन होकर अपने परिवार, समाज और स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन समिति, प्राचार्य एवं स्टाफ ने हर्ष जताया है।



## तालाब में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



गांव के तालाब में नहाने गए युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम सोरम निवासी अग्घन सिंह ध्रुव पिता मोहन सिंह उम्र 37 वर्ष बुधवार की शाम गांव में स्थित दर्री तालाब में नहाने गया था।

युवक के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। दूसरे दिन गुरूवार को भी परिजन दिन भर युवक को तलाश करते रहे लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। तीसरे दिन युवक का शव तालाब के पानी के ऊपर पाया। सूचना पर रूद्री पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवा पंचनामा की कार्रवाई कर जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।

कांग्रेस ने निकाली मशाल यात्रा, चुनाव आयोग पर लगाए आरोप

## राहुल गांधी के 5 सवालों को लेकर सड़कों पर उतरे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी




स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कांग्रेस पार्टी ने मशाल यात्रा निकाली। यात्रा गुरुवार की शाम 6 बजे शहर के घड़ी चौक से शुरू हुई। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के झंडे के साथ गोलबाजार, कचहरी चौक, गांधी मैदान होते हुए कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन तक पहुंचे। बारिश में भी कार्यकर्ताओं ने हाथों में जलती मशाल लेकर नारेबाजी की। यात्रा का मुख्य उद्देश्य राहुल गांधी के चुनाव आयोग से पूछे 5 सवालों को जनता तक पहुंचाना था। राहुल ने मतदाता सूची के डिजिटल फॉर्मेट, वीडियो सबूत नष्ट करने, मतदाता सूची में फर्जीवाड़े और विपक्ष को धमकाने के मुद्दे उठाए। उन्होंने चुनाव आयोग पर भाजपा के एजेंट की तरह काम करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह लोकतंत्र और जनता की आवाज की रक्षा की लड़ाई है। उन्होंने चुनाव आयोग पर सत्ता पक्ष के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं हुई, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। मशाल मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने जनता से आगामी चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होने की अपील की।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर, पूर्व महापौर विजय देवांगन, पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर, पूर्व अजजा आयोग उपाध्यक्ष राजकुमारी दीवान, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भरत नाहर, जिला महामंत्री आलोक जाधव, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, आशीष शर्मा, डीहूराम साहू, राजू साहू, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष घामेश्वरी साहू, शास्त्री सोनवानी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन,चंद्रहास साहू, गोविंद साहू, विशु देवांगन, वरिष्ठ नेता मदन मोहन खंडेलवाल, विजय प्रकाश जैन, वसीम कुरैशी अमरदीप साहू, नरेश जसूजा, योगेश लाल, पार्षद सुमन मेश्राम, गुरुगोपाल गोस्वामी, उदित नारायण साहू, गौतम वाधवानी, राजेश पांडेय, राजेश ठाकुर, कमलेश सोनकर, सोमेश मेश्राम, अजय वर्मा, संतोषी निषाद, विक्रांत शर्मा, बिट्टू गौर, खेमराज चंद्राकर, गीतराम सिन्हा, वातांजलि गोस्वामी, स्नेहा देशमुख, गणेश्वरी कॉमेड़े, अजय डहरिया, तारिक रजा कादरी, अविनाश मरोठे, अजय सिन्हा, शुभम यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सिंचाई के लिए दिया जा रहा है 4600 क्यूसेक पानी

## बारिश थमने से गंगरेल बांध में पानी की आवक घटी



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

गंगरेल जलाशय के कैचमेंट क्षेत्र में बारिश होने से बांध में पानी की आवक 12000 क्यूसेक से अधिक दर्ज की गई है। हालांकि शनिवार शाम तक पानी की आवक घटकर 3600 क्यूसेक हो गई है।

ज्ञात हो कि 12 अगस्त से गंगरेल बांध से सिंचाई के लिए पानी दिया जा रहा है। 4 दिनों में बांध से करीब 1 टीएमसी पानी 1 अरब घनफीट के बराबर सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जा चुका है।

सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 15 अगस्त को कांकेर क्षेत्र में मध्यम बारिश हुई जिससे 15-16 अगस्त की रात बांध में पानी की आवक बढ़कर 12292 क्यूसेक हो गई थी। कैचमेंट एरिया में बारिश थमने के बाद शनिवार शाम 6 बजे पानी की आवक 3600 क्यूसेक दर्ज की गई है। बांध में उपयोगी पानी 21.584 टीएमसी है। यह क्षमता 79.70 प्रतिशत जलभराव है। जानकारी के मुताबिक बांध से सिंचाई के लिए 4638 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

### प्रदेश के एक दो स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी

रायपुर मौसम विज्ञान विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 18 अगस्त 2025 को बंगाल की खाड़ी के उत्तर पश्चिम और इससे सटे पश्चिम मध्य में एक नया निम्न दाब का क्षेत्र बनने की संभावना बन रही है। रविवार को प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं प्रदेश के एक दो स्थानों पर भारी वर्षा तथा मेघगर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी दी गई है।

### माड़मसिल्ली बांध आधे से ज्यादा भरा

माड़मसिल्ली बांध में पानी की अधिकतम आवक 4189 क्यूसेक दर्ज की गई है। शनिवार को माड़मसिल्ली में 3.120 टीएमसी जल भराव दर्ज किया गया है। यह बांध की क्षमता का 54.54 प्रतिशत है। सोंढूर बांध में शनिवार को पानी की अधिकतम आवक 956 क्यूसेक रही। यहां 2.964 टीएमसी जलभराव के साथ 46.73 फीसदी जलभराव है। दुधावा बांध में 35.07 प्रतिशत जलभराव है। बांध में उपयोगी पानी 3.519 टीएमसी पानी है।

### भारत रत्न अटल बिहारी को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने अपने परिसर में पुष्पांजलि अर्पित कर अटल जी का पुण्य स्मरण किया।

## जिला भाजपा कार्यालय में बैस ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



इस वर्ष भी भाजपा जिला कार्यालय में अध्यक्ष प्रकाश बैस द्वारा ध्वजारोहण किया गया। महापौर रामू रोहरा ने ने कहा कि आजादी हमें महज कुछ लोगों और कुछ ही समय में नहीं मिली है बल्कि यह आजादी देश के हजारों वीर बलिदानों के कारण और एक लंबे संघर्ष के बाद मिली है। आजादी के बाद हम सभी का कर्तव्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महत्वपूर्ण संकल्प 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में हम सभी को जुड़ना है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि भाजपा द्वारा विभाजन विभीषिका जयंती मनाई गई, निश्चित ही देश का बंटवारा हमें सिर्फ दर्द ही नहीं दिया बल्कि हमेशा के लिए काला अध्याय के रूप में इतिहास के पन्ने में दर्ज हुआ है।

जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने आभार व्यक्त किया। मौके पर स्पीकर कौशल्या देवांगन, पूर्व जिलाध्यक्ष शशि पवार, कार्यालय प्रभारी विजय साहू, महामंत्री महेंद्र पंडित, कोषाध्यक्ष चेतन हिंदुजा, राकेश साहू, नरेंद्र रोहरा, सुशीला तिवारी, नम्रता पवार, डॉएन पी गुप्ता, अनीता अग्रवाल, नरेंद्र जायसवाल, प्रकाश शर्मा, बीथिका विश्वास, रोहिताश मिश्रा, श्यामा साहू, अवनेंद्र साहू, कैलाश सोनकर, अखिलेश सोनकर, कुलेश सोनी, विभा चंद्राकर, चंद्रभागा साहू, संतोष सोनकर, डीपेंद्र साहू, मिथिलेश देवांगन, अविनाश दुबे, गायत्री सोनी, दीप्ति जाधव, उमेश साहू अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।













